This question paper contains 8 printed pages]

आपका अनुक्रमांक ....

7683

B.Com. (बी.कॉम.)/I E-I

Paper V—HINDI (B)

प्रश्न-पत्र V—हिंदी (ख)

(भाषिक प्रयोग एवं क्षमता, संप्रेपण क्षमता, काव्य संकलन,

गद्य संकलन, द्रुतवाचन इत्यादि)

(प्रवेशवर्ष 2006 और तत्पश्चात्)

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 100

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1. (क) किसी **एक** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : 6

(*i*) राजभाषा

(*ii*) मानक भाषा ।

(ख) किन्हीं **चार** शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए : 3

आर्शीवाद, सन्यास, प्रमाणीक, उजज्वल, परिभाशिक, सिरजनात्मक, श्राप, दुघध ।

(ग) किन्हीं **दो** वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 3

(*i*) वहाँ अनेकों लोग जमा हैं ।

(*ii*) यहाँ मुफ्त आँखों का इलाज होता है ।

(*iii*) तेरे को मैंने बाजार में देखा था ।

(*iv*) एक ठंडा गिलास पानी लाओ ।

2. (क) निम्नलिखित शब्दों को शब्दकोश के क्रम से लिखिए : 6

क्षत्रिय, भारतीय, कारावास, आक्रमण, अनजान, नरक, संतोष, घमंड ।

अथवा

द्विभाषी कोश का परिचय दीजिए ।

(ख) हिंदी भाषा की उपयोगिता को बैंक के संदर्भ में बताइए । 5

(ग) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** के हिंदी प्रतिरूप लिखिए : 6

Idea, Authority, Currency, Capital, Insurance, Notification, Open Account, Charge.

3. (क) भेंटवार्ता की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए । 5

अथवा

पुस्तकालय में कम्प्यूटर मंगवाने के लिए क-ख-ग कंपनी को पत्र लिखिए ।

(खं) स्ववृत्त तैयार करने में किन बातों का ध्यान रखना अनिवार्य है ? 5

(ग) किसी **एक** पर आलेख प्रस्तुत कीजिए : 5

(*i*) राजधानी में असुरक्षित महिलाएँ

(*ii*) बेघर होते वृद्ध

(*iii*) विज्ञापन और बाजार ।

4. (क) सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

चित सिमरनु करउ नैन अविलोकनो, स्रवन बानी सुजसु
पूरि राषउ ।
मनु सु मधुकरू करउ चरन हिरदे धरउ, रसन अंम्रित
रामनाम भाषउ ।
मेरी प्रीति गोविंद सिउ, जिनि घटै, मैं तउ मोलि महंगी
लई जीअ सटै ।
साध संगति बिना भाउ नहीं, ऊपजै भाव बिनु भगति नहीं
होई तेरी ।
कहै रविदास इक वेनती हरि सिउ, पैज राषहु राजा राम
मेरी ।

अथवा

चाट रहे हैं कुछ प्राणी बाहर जूठन के दोने
चहक रहे हैं अंदर ये लक्ष्मी के पुत्र सलोने
कला गुलाम हुई इनके, कविता पानी भरती है
सौ-सौ की मेहनत इनकी मुस्कानों पर मरती है ।

(ख) निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 7

विरह विथा मन की हरे, महा विमल है जाइ
मन मलीन जो धोबई बाकौ साबुन लाइ ।
कनकु कनक तैं सौगुनौ मादकता अधिकाइ
उहिं खाएं बौराइ इहिं पाऐं हीं बौराइ ।

(i) व्यथा और साबुन के प्रतीक को स्पष्ट कीजिए ।

(ii) दोहे में प्रयुक्त 'कनक' शब्द के विभिन्न अर्थों को बताइए ।

5. 'मधुशाला' कविता की मूल संवेदना को स्पष्ट कीजिए । 9

अथवा

'दलित जन पर करो करुणा' कविता ने किस प्रकार दलित जाति के प्रति दया नहीं, करुणा के भाव का पक्ष लिया है – स्पष्ट कीजिए ।

6. (क) सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 7

लाजो पिछली रात से भूखी थी बल्कि पिछली दोपहर से पहले का ही खाया हुआ था । भूख के मारे आंतें कुड़मुड़ा

रही थीं और उस पर पति का निर्दय व्यवहार । जनम-जनम, कितने जनम तक उसे ऐसा ही व्यवहार सहना पड़ेगा, सोचकर लाजो का मन डूबने लगा । सिर में दर्द होने लगा तो वह धोती के आंचल से सिर बांधकर खाट पर लेटने लगी तो झिझक गई, करवे के दिन बान पर नहीं लेटा या बैठा जाता । वह दीवार के साथ फर्श पर ही लेटी रही ।

अथवा

उफ .... ! बहुत जल्द ही इन पूँजीपतियों के घर में नेपाल राज्य बंधक पड़ जाएगा । बस, आप निराश हो गए ? मैं कहता हूं, सुनिए – बहुत शीघ्र ही यहाँ जबरदस्त क्रांति होगी और सफल क्रांति होगी । निरंकुश नेपाली शासकों के साथ-साथ इन पूंजीपतियों के गठबंधन ने कोढ़ में खाज का काम किया है । नेपाल के चैतन्य समाज की आँखें खुल चुकी हैं ।

(ख) निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

परमार्थ की उच्चतम भावना के साथ भी नागरिक जीवन में प्रवेश करने पर व्यक्ति को अविश्वास और संदेह के अनेक पैने तीरों का लक्ष्य बनना पड़ता है । नागरिक जीवन

का अकारण संदेश, कर्मनिष्ठा को पंगु और उसका लक्ष्यहीन दुराव, जीवन-दर्शन को भ्रांत कर देता है । इसके विपरीत ग्रामीण जीवन की पुस्तक खुली ही मिलती है । कुछ विषम परिस्थितियाँ अपवाद हो सकती हैं; पर जहाँ जीवन कुछ स्वस्थ है, वहाँ एक ग्रामीण का सहयोग – आदान दैन्यरहित होने के कारण सहज है, सहायता का दान गर्वशून्य होने के कारण स्वाभाविक और विचार-विनिमय अकृत्रिम होने के कारण जीवन के अध्ययन का पूरक है ।

(*i*) इन पंक्तियों के लेखक और पाठ का नाम बताइये । 3

(*ii*) लेखक ने ग्रामीण जीवन की किन विशेषताओं का उल्लेख किया है और क्यों ? 4

7. इमारत गिराने वाले कहानी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए । 8

अथवा

फुलमती का चरित्रांकन कीजिए ।

8. 'दिलो-दानिश' उपन्यास के आधार पर निम्न में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4×3=12

(*i*) महक बानो का वकील साहब से क्या रिश्ता था ?

(*ii*) कृपानारायण के व्यक्तित्व की क्या विशेषता है ?

(*iii*) कुटुम्ब प्यारी की अपने पति से क्या शिकायत थी ?

(*iv*) बदरू को लड़के स्कूल में किस बात पर परेशान करते थे ?

(*v*) रज्जो और बदरू के बीच का संबंध उपन्यास में किस प्रकार सांप्रदायिक सद्भाव का सूचक बनकर सामने आता है ?

अथवा

'जिस लाहौर नई देख्या ओ जम्याइ नइ' नाटक के आधार पर निम्न में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(*i*) बंटवारे के बाद सिकंदर मिर्जा को रहने के लिए किसका घर मिला ?

(*ii*) सिकंदर मिर्जा क्लर्क के पास कौन-सी शिकायत लेकर जाता है ?

(*iii*) रतन की अम्मा हमीदा और सिकंदर की माई कैसे बन गई ?

(*iv*) सिकंदर मिर्जा के घर दिवाली मनाए जाने पर पहलवान क्यों नाराज हुआ ?

(*v*) मौलाना की हत्या के पीछे मुख्य कारण क्या था ?